प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 मंगलवार                                                                                     दिनांक 12.08.2025

मुख्य समाचारः—

- मुख्यमंत्री ने आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में विभिन्न श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के नगरीय निकायों को पुरस्कार देने की घोषणा की।
- सहकार भारती के बुनकर प्रकोष्ठ का प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन तेईस और चौबीस अगस्त को रायपुर में आयोजित किया जाएगा।
- बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान घायल।
- शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों की रिक्त सीटों पर भर्ती के लिए तीसरी लॉटरी उन्नीस अगस्त को निकाली जाएगी।

<u>मुख्यमंत्री—'स्वच्छता संगम'</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बिलासपुर में आयोजित 'स्वच्छता संगम' कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिलाने वाली स्वच्छता दीदियों का पद—प्रक्षालन कर सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर अलग—अलग श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को राज्य सरकार की ओर से पुरस्कार राशि देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में तीन नगर निगमों— बिरगांव, भिलाई—चरोदा और धमतरी तथा तैंतालीस नगर पालिकाओं में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की सुविधा के लिए जीआईएस आधारित प्रॉपर्टी टैक्स लाइव पोर्टल को लॉन्च किया गया। वहीं, स्वच्छता संगम' कार्यक्रम के दौरान नगरीय निकायों में स्वच्छता और शहरी सौंदर्यीकरण के मानकों को बढ़ाने के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया गया।

<u>बुनकर प्रकोष्ठ—अधिवेशन</u>

सहकार भारती के बुनकर प्रकोष्ठ का प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी तेईस और चौबीस अगस्त को रायपुर में आयोजित किया जाएगा। आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर उदय जोशी ने बताया कि दो दिवसीय इस अधिवेशन में एक हजार से अधिक सहकारी कुशल बुनकर प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के लिए केंद्रीय गृहमंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप को आमंत्रित किया गया है। दो दिवसीय इस अधिवेशन में बुनकरों की स्थिति और बुनकरों से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

<u>आदि कर्मयोगी अभियान</u>

आदि कर्मयोगियों के लिए राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण और जिला मास्टर ट्रेनर्स का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रायपुर में चल रहा है। इसका शुभारंभ आज मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री जैन ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के जनजातीय बहुल गांवों में बुनियादी अधोसंरचना और सुविधाओं में जो भी 'क्रिटिकल गैप' शेष हैं, उनकी पहचान की जाएगी। साथ ही स्थानीय प्रशासन के माध्यम से इन कमियों को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव सोनमणी बोरा ने कहा कि अभियान के तहत प्रदेश के अट्ठाईस जिलों के एक सौ अड़तीस विकासखंडो से लगभग एक लाख तैंतीस हजार वॉलंटियर्स को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

दो चरणों में होने वाले इस कार्यक्रम का पहला चरण ग्यारह से चौदह अगस्त तक और दूसरा चरण अट्ठारह से इक्कीस अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की घोषणा की गई है। इस संबंध में एक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के आंचलिक प्रमुख तथा अपर आयुक्त वी. रंगनाथ दो दिवसीय दौरे पर रायपुर आए हैं। आज उन्होंने रायपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की अन्य योजनाओं तथा पहलों के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में उद्योग संघ, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ ही विभिन्न कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

श्री रंगनाथ ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने छत्तीसगढ़ में दुर्ग, कोरबा और किरंदुल में सर्विस सेंटर शुरू किए हैं।

मुठभेड़–जवान घायल

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के दो जवान घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर डीआरजी की टीम गंगालूर क्षेत्र में गश्त पर निकली थी। इस दौरान पहले से घात लगाए बैठे माओवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए रायपुर लाया गया है। गोलीबारी में कुछ माओवादियों के भी घायल होने की खबर है।

निजी विवि–लॉटरी

निःशुल्क और बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों की पच्चीस प्रतिशत सीटों में भर्ती प्रक्रिया की तीसरी लॉटरी उन्नीस अगस्त को निकाली जाएगी। दो चरणों में निकाली गई लॉटरी के बाद भी प्रदेश में लगभग इकसठ सौ सीट अभी भी रिक्त हैं। इन रिक्त सीटों के लिए पूर्व में प्राप्त आवेदनों में से तीसरी लॉटरी उन्नीस अगस्त को निकाली जाएगी। जिन विद्यार्थियों का चयन पूर्व में हो चुका है, उनके नामों को छोड़कर शेष आवेदकों के लिए यह लॉटरी निकाली जाएगी। तीसरी लॉटरी के लिए आवेदन भरने की आवश्यकता नहीं है।

हर घर तिरंगा

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में दो से पंद्रह अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। वन मंत्री केदार कश्यप कोंडागांव जिले के मर्दापाल में आयोजित तिरंगा बाईक रैली में शामिल हुए। इस दौरान श्री कश्यप ने ग्रामीणों से हर घर तिरंगा अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर और माकड़ी विकासखंड की बिहान समूह की महिलाओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत सक्ती जिले की ग्राम पंचायत जेठा में भी बिहान स्व–सहायता समूह की महिलाओं ने तिरंगा रैली निकालकर लोगों को अभियान में शामिल होने का संदेश दिया।

वहीं, भिलाई में सीमा सुरक्षा बल—बीएसएफ द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें स्कूली बच्चों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर बीएसएफ कमांडेंट ओमप्रकाश ने लोगों से अपने घर पर तिरंगा लगाने की अपील की।

वहीं, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल—सीआरपीएफ की दो सौ छब्बीसवीं बटालियन द्वारा आज सुकमा जिले के गीदम नाला से सुकमा शहर तक बाईक रैली निकाली गई।

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने राज्य में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अपने निवास कार्यालय से दो एचआईवी एड्स जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान के तहत राज्य के ऐसे उन्नीस जिले जहां एचआईवी के प्रति कम जागरूकता है, वहां दो—दो जागरुकता वाहनों को रवाना किया गया है। इन जिलों के सभी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी एचआईवी को लेकर जागरूकता फैलाने का काम किया जाएगा।

केंद्रीय संचार ब्यूरो—प्रदर्शनी

केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आज से दुर्ग में "भारतीय स्वतंत्रता की वीरगाथा और विभाजन विभीषिका" विषय पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो दुर्ग के सहायक निदेशक सुदीप्त कर ने इस आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने की।

इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों के अद्वितीय योगदान के साथ वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस के भारत विभाजन की विभीषिका को दुर्लभ फोटोग्राफ, प्रमाणिक दस्तावेज और चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। यह प्रदर्शनी चौदह अगस्त तक चलेगी, जिसमें क्विज, तात्कालिक भाषण, रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

युवक—हत्या

धमतरी जिले में कुछ स्थानीय युवकों ने रायपुर के तीन युवकों की बीती रात हत्या कर दी। यह घटना उस समय हुई, जब रायपुर के पांच युवक नगरी सिहावा रोड के पास स्थित एक ढाबे में खाना खाने पहुंचे थे, तभी इन लोगों का स्थानीय युवकों के साथ किसी बात पर विवाद हो गया। रायपुर के पांच में से दो युवकों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

धमतरी के पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने इस घटना के संबंध में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

संक्षिप्त समाचार

- "बने खाबो – बने रहिबो" अभियान के तहत खाद्य विभाग की टीम ने एक सौ बासठ विधिक नमूने और छह सौ अट्ठाईस सर्विलेंस नमूने एकत्रित किए। इस दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन ने करीब दो हजार खाद्य नमूनो की जांच की।

- कबीरधाम जिले के लोखान मोड़ के पास आज दोपहर हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई।